भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
11.12.2019 के
अतारांकित प्रश्न सं. 3856 का उत्तर

बुदनी से मंगलिया गांव को जोड़ने वाली नई रेल लाइन

3856. श्री रमाकान्त भार्गवः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या बुदनी से मंगलियागांव (इंदौर) को जोड़ने वाली कोई नई रेल लाइन प्रस्तावित है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या प्रस्तावित रेललाइन का सर्वेक्षण कार्य पूरा कर लिया गया है; और

(घ) यदि हां, तो उक्त रेल लाइन का निर्माण कार्य कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है और इसे कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ): जी हां। विस्तृत सर्वेक्षण के बाद, 27.09.2018 को बुदनी-मंगलियागाँव (इंदौर) नई लाइन परियोजना (205.5 किमी) के निर्माण को मंजूरी दे दी गई है। परियोजना की नवीनतम लागत 7474 करोड़ रु. है। भूमि अधिग्रहण के कागजात तैयार करने आदि जैसी प्रारंभिक गतिविधियां शुरू कर दी गई हैं।

किसी भी परियोजना का समय से पूरा होना राज्य सरकार द्वारा शीघ्र भूमि अधिग्रहण, वन विभाग के प्राधिकारियों द्वारा वन संबंधी मंजूरी, बाधक जनोपयोगी सेवाओं (भूमिगत और भूमि के ऊपर दोनों) की शिफ्टिंग, विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियां, क्षेत्र की भौगोलिक और स्थलाकृतिक स्थिति, परियोजना साइट के क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति, जलवायु स्थिति को ध्यान में रखते हुए परियोजना विशेष की साइट के लिए वर्ष में कार्य के महीनों की संख्या, भूकंप, बाढ़, अत्यधिक वर्षा, श्रमिकों की हड़ताल जैसी अप्रत्याशित परिस्थितियों का सामना करना, माननीय न्यायालयों के आदेश, कार्यरत एजेंसियों/ठेकेदारों की स्थिति और शर्तें आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है और ये सभी कारक परियोजना समापन समय को प्रभावित करते हैं। अतः कोई निश्चित समय-सीमा निर्धारित नहीं की जा सकती है।

******